Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to reopen closed mines in hilly area of Rajasthan with a view to provide employment to workers.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश के कई भागों में वन क्षेत्र के नाम पर पहाड़ी क्षेत्रों में खाने बंद हैं। राजस्थान में भी यही स्थिति है। कई खाने इसी नाम पर बंद हैं। खानों के बंद होने से हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं और उनके सामने जीविकोपार्जन की विकट समस्या हो गयी है। हजारों की संख्या में जो ट्रक व ट्रैक्टर इस कार्य में लगे हुए थे वे भी बेकार हो गए हैं और जिन लोगों ने अपनी वन क्षेत्र की खान को पैसा उधार लेने के लिए गिरवी रखी हुयी थी, वह भी बिक गयी है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जो क्षेत्र वन क्षेत्र में बिल्कुल नहीं आते हैं, एक भी वृक्ष वहां नहीं लगा हुआ हे, उन क्षेत्रों की खानों को चालू किया जाये।